**Series ONS** **SET-1**

कोड नं.
Code No. **67/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **31** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **31** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# लेखाशास्त्र

# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक : 80*
*Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** खण्डों में विभक्त है - **क** और **ख**।*

*(ii)* *खण्ड **क** सभी के लिए **अनिवार्य** है।*

*(iii)* *खण्ड **ख** के दो विकल्प हैं - वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा अभिकलित्र लेखांकन।*

*(iv)* *खण्ड **ख** से **केवल एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(v)* *किसी प्रश्न के सभी खण्डों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए।*

**General Instructions :**

*(i)* *This question paper contains two parts - **A** and **B**.*

*(ii)* *Part **A** is **compulsory** for all.*

*(iii)* *Part **B** has two options - Analysis of Financial Statements and Computerized Accounting.*

*(iv)* *Attempt **only one** option of Part **B**.*

*(v)* *All parts of a question should be attempted at one place.*

## खण्ड - क

## ( साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन )

## PART - A

## (Accounting for Partnership Firms and Companies)

**1.** 40 लोगों का एक समूह एक साझेदारी फर्म बनाना चाहता है। वे इस सम्बन्ध में आपका परामर्श चाहते हैं कि एक साझेदारी फर्म में सदस्यों की अधिकतम संख्या क्या हो सकती है तथा उस अधिनियम का नाम जिसके प्रावधानों के अन्तर्गत यह दिया गया है। **1**

A group of 40 people wants to form a partnership firm. They want your advice regarding the maximum number of persons that can be there in a partnership firm and the name of the Act under whose provisions it is given.

**2.** पी., क्यू. तथा आर. एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बांटते थे। उन्होंने लाभ के $\frac{1}{8}$ भाग के लिए एस. को एक नया साझेदार बनाया जिसे उसने $\frac{1}{16}$ भाग पी. से तथा $\frac{1}{16}$ भाग क्यू. से प्राप्त किया। **1**

पी., क्यू., आर. तथा एस. के नये लाभ अनुपात की गणना कीजिए।

P, Q and R were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. They admitted S as a new partner for $\frac{1}{8}^{th}$ share in the profits which he acquired $\frac{1}{16}^{th}$ from P and $\frac{1}{16}^{th}$ from Q.

Calculate new profit sharing ratio of P, Q, R and S.

3. 28.2.2016 को कुमार लिमिटेड द्वारा आबंटित किये गये 50,000 समता अंशों पर ₹ 2 प्रति अंश की प्रथम याचना राशि देय हो गई। 1000 अंशों के एक धारक कोमल ने प्रथम याचना राशि का भुगतान नहीं किया। 750 अंशों के एक अंश धारक कोविल ने प्रथम याचना के साथ ₹ 4 प्रति अंश की दूसरी तथा अन्तिम याचना राशि का भुगतान भी कर दिया। 1

कम्पनी की पुस्तकों में अदत्त-याचना खाता तथा पूर्वदत्त-याचना खाता खोलते हुए प्राप्त धनराशि से सम्बन्धित उपरोक्त के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए।

On 28.2.2016 the first call of ₹ 2 per share became due on 50,000 equity shares alloted by Kumar Ltd. Komal a holder of 1000 shares did not pay the first call money. Kovil a holder of 750 shares paid the second and final call of ₹ 4 per share alongwith the first call.

Pass the necessary journal entry for the amount received by opening calls - in - arrears and calls - in - advance account in the books of the company.

4. 'साझेदारी के विघटन' तथा 'साझेदारी फर्म के विघटन' के मध्य 'आर्थिक सम्बंध' के आधार पर अन्तर दीजिए। 1

Distinguish between 'Dissolution of partnership' and 'Dissolution of partnership firm' on the basis of 'Economic Relationship'.

5. 'ऋणशोधन कोष' बनाने के लिए कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लेख कीजिए। 1

State the provisions of Companies Act, 2013 for the creation of 'Debenture Redemption Reserve'.

6. टॉम तथा हैरी एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 के अनुपात में लाभ बांटते थे। 31.3.2015 को समाप्त हुए वर्ष में टॉम ने ₹ 40,000 का आहरण किया। उसके आहरण पर ब्याज ₹ 2,000 था। 1

यह मानते हुए कि साझेदारों की पूँजी परिवर्तनशील थी, आहरण पर ब्याज लगाने के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए।

Tom and Harry were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 3. During the year ended 31.3.2015 Tom had withdrawn ₹ 40,000. Interest on his drawings amounted to ₹ 2,000.

Pass necessary journal entry for charging interest on drawings assuming that the capitals of the partners were fluctuating.

7. 2.3.2016 को एल. एण्ड बी. लिमिटेड ने ₹ 500 प्रत्येक के 635, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन किया। 3

निम्न परिस्थितियों में ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(क) जब ऋणपत्रों का निर्गमन 5% के बट्टे पर किया गया तथा इनका शोधन 10% के अधिलाभ पर किया जाना है।

(ख) जब ऋणपत्रों का निर्गमन 12% के अधिलाभ पर किया गया तथा इनका शोधन 6% के अधिलाभ पर किया जाना है।

On 2.3.2016 L and B Ltd. issued 635, 9% debentures of ₹ 500 each. Pass necessary journal entries for the issue of debentures in the following situations :

(a) When debentures were issued at 5% discount, redeemable at 10% premium.

(b) When debentures were issued at 12% premium, redeemable at 6% premium.

8. (i) एक साझेदार के निधन, (ii) नये साझेदार के प्रवेश तथा (iii) एक साझेदार का अवकाश ग्रहण के अतिरिक्त किन्हीं ऐसी तीन स्थितियों का उल्लेख कीजिए जब फर्म की ख्याति की गणना की आवश्यकता हो सकती है। 3

State any three circumstances other than (i) death of a partner, (ii) admission of a partner and (iii) retirement of a partner when need for valuation of goodwill of a firm may arise.

9. के. लिमिटेड ने पी. लिमिटेड की ₹ 15,00,000 की सम्पत्तियाँ तथा ₹ 5,00,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 13,68,500 में किया। ₹ 25,500 का भुगतान पी. लिमिटेड के पक्ष में दो माह पश्चात् देय एक प्रतिज्ञा पत्र के द्वारा किया गया तथा शेष का भुगतान पी. लिमिटेड के पक्ष में ₹ 100 प्रत्येक के समता अंशों का निर्गमन 25% के अधिलाभ पर करके किया। **3**

उपरोक्त लेनदेनों के लिए के. लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

K Ltd. took over the assets of ₹ 15,00,000 and liabilities of ₹ 5,00,000 of P Ltd. for a purchase consideration of ₹ 13,68,500. ₹ 25,500 were paid by issuing a promissory note in favour of P Ltd. payable after two months and the balance was paid by issue of equity shares of ₹ 100 each at a premium of 25%.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of K Ltd.

10. नवयुवकों को रोज़गार प्रदान करने हेतु तथा जम्मू तथा कश्मीर राज्य के बारामूला जिले के विकास में सहायता के लिए ज्योति पॉवर लिमिटेड ने वहाँ पर एक पॉवर प्लाँट लगाने का निर्णय लिया। धन एकत्रित करने के लिए कम्पनी ने ₹ 10 प्रत्येक के 8,50,000 समता अंशों को ₹ 3 प्रति अंश के अधिलाभ पर निर्गमित करने का निर्णय किया। सभी अंश राशि आवेदन पर देय थी। 20,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 3,00,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा शेष आवेदकों को अनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया। **3**

उपरोक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए तथा ऐसे किन्हीं दो मूल्यों की पहचान कीजिए जिन्हें कम्पनी प्रचारित करना चाहती है।

To provide employment to the youth and to develop Baramula district of Jammu and Kashmir, Jyoti Power Ltd. decided to setup a power plant. For raising funds the company decided to issue 8,50,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 3 per share. The whole amount was payable on application. Applications for 20,00,000 shares were received. Applications for 3,00,000 shares were rejected and shares were alloted to the remaining applicants on pro - rata basis.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the company and identify any two values which the company wants to propagate.

11. विकास तथा विवेक एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बांटते थे। 1.4.2014 को उन्होंने लाभ के $\frac{1}{8}$ वें भाग के लिए वंदना को एक नया साझेदार बनाया तथा उसे ₹ 1,50,000 के लाभ की गारंटी दी गई। विकास तथा विवेक का नया लाभ अनुपात पहले जैसा रहेगा परन्तु वंदना की गारंटी के कारण हुई किसी भी कमी को वे 2 : 3 के अनुपात में वहन करने पर सहमत हुए। 31.3.2015 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म का लाभ ₹ 9,00,000 था। 4

31.3.2015 को समाप्त हुए वर्ष के लिए विकास, विवेक तथा वंदना का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए।

Vikas and Vivek were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. On 1.4.2014 they admitted Vandana as a new partner for $\frac{1}{8}^{th}$ share in the profits with a guaranteed profit of ₹ 1,50,000. The new profit sharing ratio between Vivek and Vikas will remain the same but they decided to bear any deficiency on account of guarantee to Vandana in the ratio 2 : 3. The profit of the firm for the year ended 31.3.2015 was ₹ 9,00,000.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account of Vikas, Vivek and Vandana for the year ended 31.3.2015.

12. मानव, नाथ तथा नारायण एक फर्म के साझेदार थे तथा 1 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बांटते थे। फर्म अपनी पुस्तकें प्रतिवर्ष 31 मार्च को बंद करती है। 30 सितम्बर, 2015 को नाथ का निधन हो गया। उस तिथि को उसका पूँजी खाता ₹ 5,000 का नाम शेष दर्शा रहा था। लाभ-हानि खाते में ₹ 30,000 का नाम शेष था। फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 3,80,000 किया गया। मृत्यु के वर्ष में नाथ के लाभ की गणना पिछले पाँच वर्षों के औसत लाभ, जो ₹ 90,000 था, के आधार पर की जायेगी। 4

नाथ के निधन पर फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

Manav, Nath and Narayan were partners in a firm sharing profits in the ratio of 1 : 2 : 1. The firm closes its books on 31$^{st}$ March every year. On 30$^{th}$ September, 2015 Nath died. On that date his capital account showed a debit balance of ₹ 5,000. There was a debit balance of ₹ 30,000 in the profit and loss account. The goodwill of the firm was valued at ₹ 3,80,000. Nath's share of profit in the year of his death was to be calculated on the basis of average profit of last 5 years, which was ₹ 90,000.

Pass necessary journal entries in the books of the firm on Nath's death.

13. लाल तथा पाल एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 7 के अनुपात में लाभ बांटते थे। 1.4.2015 को उनकी फर्म का विघटन हो गया। सम्पत्तियों (रोकड़ के अतिरिक्त) तथा बाह्य देयताओं को वसूली खाते में स्थानान्तरित करने के पश्चात आपको निम्न सूचना दी गई है : 6

(क) ₹ 3,60,000 के एक लेनदार ने ₹ 5,00,000 पर मूल्यांकित मशीनरी को स्वीकार कर लिया तथा फर्म को ₹ 1,40,000 का भुगतान कर दिया।

(ख) ₹ 50,000 के एक दूसरे लेनदार ने ₹ 45,000 मूल्य के स्टॉक को अपने दावे के पूर्ण निपटान हेतु स्वीकार किया।

(ग) ₹ 90,000 के एक तीसरे लेनदार ने अपने दावे के पूर्ण निपटारे हेतु ₹ 45,000 नगद तथा ₹ 43,000 के निवेश किए।

(घ) विघटन पर हानि ₹ 15,000 थी।

यह मानते हुए कि सभी भुगतान चैक द्वारा किए गए उपरोक्त लेनदेनों के लिए फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

Lal and Pal were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 7. On 1.4.2015 their firm was dissolved. After transferring assets (other than cash) and outsider's liabilities to realisation account, you are given the following information :

(a) A creditor of ₹ 3,60,000 accepted machinery valued at ₹ 5,00,000 and paid to the firm ₹ 1,40,000.

(b) A second creditor for ₹ 50,000 accepted stock at ₹ 45,000 in full settlement of his claim.

(c) A third creditor amounting to ₹ 90,000 accepted ₹ 45,000 in cash and investments worth ₹ 43,000 in full settlement of his claim.

(d) Loss on dissolution was ₹ 15,000.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of firm assuming that all payments were made by cheque.

**14.** आर., एस. तथा टी. एक फर्म के साझेदार थे तथा 1 : 2 : 3 के अनुपात में लाभ बांटते थे। 31.3.2015 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था : **6**

**31.3.2015 को आर., एस. तथा टी. का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 50,000 | भूमि | 50,000 |
| देय बिल | 20,000 | भवन | 50,000 |
| सामान्य संचय | 30,000 | प्लांट | 1,00,000 |
| पूँजी | | स्टॉक | 40,000 |
| आर. 1,00,000 | | देनदार | 30,000 |
| एस. 50,000 | | बैंक | 5,000 |
| टी. 25,000 | 1,75,000 | | |
| | 2,75,000 | | 2,75,000 |

1.4.2015 से आर., एस. तथा टी. ने लाभ बराबर-बराबर बांटने का निर्णय किया। इसके लिए यह समझौता हुआ कि :

(क) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,50,000 किया जाये।

(ख) भूमि का पुन: मूल्यांकन ₹ 80,000 पर किया जाये तथा भवन पर 6% मूल्यह्रास लगाया जाये।

(ग) ₹ 6,000 के लेनदार दावा प्रस्तुत नहीं करेंगे, अत: इन्हें अपलिखित कर दिया जाना चाहिए।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा पुनर्गठित फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए।

R, S and T were partners in a firm sharing profits in the ratio of 1 : 2 : 3. Their Balance Sheet as on 31.3.2015 was as follows :

**Balance Sheet of R, S and T as on 31.3.2015**

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Creditors | 50,000 | Land | 50,000 |
| Bills Payable | 20,000 | Building | 50,000 |
| General Reserve | 30,000 | Plant | 1,00,000 |
| Capitals : | | Stock | 40,000 |
| R 1,00,000 | | Debtors | 30,000 |
| S 50,000 | | Bank | 5,000 |
| T 25,000 | 1,75,000 | | |
| | 2,75,000 | | 2,75,000 |

R, S and T decided to share the profits equally with effect from 1.4.2015. For this it was agreed that :

(a) Goodwill of the firm be valued at ₹ 1,50,000.

(b) Land be revalued at ₹ 80,000 and building be depreciated by 6%.

(c) Creditors of ₹ 6,000 were not likely to be claimed and hence be written off.

Prepare Revaluation Account, Partner's Capital Accounts and the Balance Sheet of the reconstituted firm.

15. 1.4.2013 को जे.जे.जे. लिमिटेड के ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 1,00,00,000, 10% ऋणपत्र अदत्त थे। **6**

(i) 1.4.2014 को कम्पनी ने खुले बाज़ार से स्वयं के 30,000 ऋणपत्रों का क्रय ₹ 99 प्रति ऋणपत्र की दर से किया तथा इन्हें तुरन्त रद्द कर दिया।

(ii) 28.2.2015 को कम्पनी ने एक लॉटरी द्वारा ₹ 50,00,000 के ऋणपत्रों का शोधन सममूल्य पर कर दिया।

(iii) 31.1.2016 को शेष ऋणपत्रों को तुरंत रद्द करने के लिए ₹ 19,99,000 में क्रय किया गया।

ऋणपत्रों पर ब्याज तथा ऋणपत्र शोधन कोष को संज्ञान में न लेते हुए उपरोक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

On 1.4.2013 JJJ Ltd had ₹ 1,00,00,000, 10% Debentures of ₹ 100 each outstanding.

(i) On 1.4.2014 the company purchased in the open market 30,000 of its own debentures for ₹ 99 each and cancelled the same immediately.

(ii) On 28.2.2015 the company redeemed at par debentures of ₹ 50,00,000 by draw of a lot.

(iii) On 31.1.2016 the remaining debentures were purchased for immediate cancellation for ₹ 19,99,000.

Ignoring interest on debentures and debenture redemption reserve, pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the company.

16. एस.के.लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 3,20,000 समता अंशों को ₹ 5 प्रति अंश के अधिलाभ पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किये। राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था : 8

आवेदन पर - ₹ 3 प्रति अंश (₹ 1 प्रति अंश अधिलाभ सहित)

आबंटन पर - ₹ 5 प्रति अंश (₹ 2 प्रति अंश अधिलाभ सहित)

प्रथम तथा अन्तिम याचना पर – शेष।

4,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 40,000 अंशों के आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापिस कर दी गई। शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन किया गया। आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया। 800 अंशों के धारक, जीवन ने आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया तथा उसके अंशों का तुरन्त हरण कर लिया गया। उसके पश्चात् अन्तिम याचना मांगी गई। गणेश, जिसने 2,700 अंशों के लिए आवेदन किया था ने अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया। उसके अंशों का भी हरण कर लिया गया। हरण किये गये अंशों में से 1,500 अंशों को ₹ 8 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमन कर दिया गया। पुन: निर्गमित किये गये अंशों में जीवन के हरण किये गये सभी अंश सम्मिलित थे।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

**अथवा**

बी.बी.जी. लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,000 समता अंशों को ₹ 3 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित किया जो कि आवेदन के साथ देय था। निर्गमन से सम्बन्धित रोज़नामचा प्रविष्टियाँ करते समय कुछ स्थान रिक्त छूट गये। इन रिक्त स्थानों को पूर्ण कीजिए।

**बी.बी.जी. लिमिटेड**

**रोज़नामचा**

| तिथि | विवरण | ब.पृ.स. | नाम राशि ₹ | जमा राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| 2015<br>जनवरी 05 | ……… नाम<br>……………………<br>(1,40,000 अंशों के लिए ₹ 6 प्रति अंश प्रीमियम सहित आवेदन राशि प्राप्त हुई) | | ………… | ………… |
| जनवरी 17 | समता अंश आवेदन खाता ……… नाम<br>……………………<br>……………………<br>……………………<br>……………………<br>(आवेदन राशि का अंश पूँजी तथा प्रतिभूति प्रीमियम खातों में स्थानांतरण, 20,000 अंशों के लिए रद्द आवेदन राशि की वापसी तथा शेष का समायोजन आबंटन पर देय राशि में क्योंकि अशों का आबंटन आनुपातिक आधार पर किया गया) | | ………… | …………<br>…………<br>…………<br>………… |
| जनवरी 17 | ……… नाम<br>……………………<br>(₹ 4 प्रति अंश दर से आबंटन राशि देय) | | ………… | ………… |
| फरवरी 20 | ……… नाम<br>……………………<br>(शेष आबंटन राशि प्राप्त की) | | ………… | ………… |

| तिथि | विवरण | ब.पृ.स. | नाम राशि ₹ | जमा राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| अप्रैल 1 | ……… नाम<br>……………………<br>(प्रथम एवं अन्तिम याचना राशि देय) | | ………… | ………… |
| अप्रैल 20 | ……… नाम<br>अदत्त याचना राशि खाता नाम<br>……………………<br>(प्रथम एवं अन्तिम याचना राशि प्राप्त की) | | …………<br>3,000 | ………… |
| मई 20 | ……… नाम<br>……………………<br>……………………<br>(उन अंशों का हरण किया गया जिन पर प्रथम एवं अन्तिम याचना राशि प्राप्त नहीं हुई) | | ………… | …………<br>………… |
| जून 15 | ……… नाम<br>……… नाम<br>……………………<br>(हरण-किये गये अंशों का पुन: निर्गमन) | | …………<br>3,000 | ………… |
| ………… | ……… नाम<br>……………………<br>(…………………………………………………………………………………………) | | ………… | ………… |

SK Ltd invited applications for issuing 3,20,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 5 per share. The amount was payable as follows :

On application - ₹ 3 per share (including premium ₹ 1 per share)

On allotment - ₹ 5 per share (including premium ₹ 2 per share)

On First and Final Call - Balance.

Applications for 4,00,000 shares were received. Applications for 40,000 shares were rejected and application money refunded. Shares were alloted on pro-rata basis to the remaining applicants. Excess money received with applications was adjusted towards sums due on allotment. Jeevan holding 800 shares failed to pay the allotment money and his shares were immediately forfeited. Afterwards final call was made, Ganesh who had applied for 2,700 shares failed to pay the final call. His shares were also forfeited. Out of the forfeited shares 1,500 shares were re-issued at ₹ 8 per share fully paid up. The re-issued shares included all the forfeited shares of Jeevan.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the company.

**OR**

BBG Ltd. had issued 1,00,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 3 per share payable with application money. While passing the journal entries related to the issue, some blanks are left. You are required to complete these blanks.

## Books of BBG Ltd.
## Journal

| Date | Particulars | L.F. | Debit Amount ₹ | Credit Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| 2015 | | | | |
| Jan. 05 | ……… Dr.<br>To ………<br>(Application money received for 1,40,000 shares @ ₹ 6 per share including premium) | | ………… | ………… |
| Jan. 17 | Equity Share Application A/c … Dr.<br>To ………<br>To ………<br>To ………<br>To ………<br>(Application money transferred to share capital account, securities premium account, refunded for 20,000 shares for rejected applications and balance adjusted towards money due on allotment as shares were alloted on pro - rata basis) | | ………… | …………<br>…………<br>…………<br>………… |
| Jan. 17 | ……………………. Dr.<br>To ………<br>(Allotment money due @ ₹ 4 per share) | | ………… | ………… |
| Feb. 20 | ……………………. Dr.<br>To ………<br>(Balance allotment amount received) | | ………… | ………… |

| Date | Particulars | L.F. | Debit Amount ₹ | Credit Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| April 1 | ……………………. Dr.<br>To ………<br>(First and Final Call money due) | | ………… | ………… |
| April 20 | ……………………. Dr.<br>Calls-in-arrears A/c… Dr.<br>To ………<br>(First and Final Call money received) | | …………<br>3,000 | ………… |
| May 20 | ……………………. Dr.<br>To ………<br>To ………<br>(Forfeited the shares on which First and Final Call was not received) | | ………… | …………<br>………… |
| June 15 | ……………………. Dr.<br>……………………. Dr.<br>To ………<br>(Forfeited shares re-issued) | | …………<br>3,000 | ………… |
| ………… | ……………………. Dr.<br>To ………<br>(……………………………………………………………………………………………) | | ………… | ………… |

**17.** एल., एम. तथा एन. एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बांटते थे। 31.3.2015 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था : **8**

**31 मार्च 2015 को एल. एम. तथा एन. का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 1,68,000 | बैंक | 34,000 |
| सामान्य संचय | 42,000 | देनदार | 46,000 |
| पूँजी : | | स्टॉक | 2,20,000 |
| एल. 1,20,000 | | निवेश | 60,000 |
| एम. 80,000 | | फर्नीचर | 20,000 |
| एन. 40,000 | 2,40,000 | मशीनरी | 70,000 |
| | 4,50,000 | | 4,50,000 |

उपरोक्त तिथि को ओ. को एक नया साझेदार बनाया गया तथा यह निर्णय लिया कि :

(i) एल.एम.एन. तथा ओ. का नया लाभ अनुपात 2 : 2 : 1 : 1 होगा।

(ii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,80,000 किया गया तथा ओ. अपने भाग का ख्याति प्रीमियम नगद लाया।

(iii) निवेशों का बाज़ार मूल्य ₹ 36,000 था।

(iv) मशीनरी को ₹ 58,000 तक घटाया जायेगा।

(v) ₹ 6,000 का एक लेनदार अपना दावा नहीं करेगा अत: उसे अपलिखित किया जायेगा।

(vi) फर्म में लाभ के $\frac{1}{6}$ भाग के लिए ओ. आनुपातिक पूँजी लायेगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए।

**अथवा**

जे., एच. तथा के. एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बांटते थे। 31.3.2015 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च 2015 को जे., एच. तथा के. का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 42,000 | भूमि तथा भवन | | 1,24,000 |
| निवेश उतार चढ़ाव कोष | | 20,000 | मोटर वैन | | 40,000 |
| लाभ-हानि खाता | | 80,000 | निवेश | | 38,000 |
| पूँजी : | | | मशीनरी | | 24,000 |
| | | | स्टॉक | | 30,000 |
| जे. | 1,00,000 | | देनदार | 80,000 | |
| एच. | 80,000 | | घटा : प्रावधान | 6,000 | 74,000 |
| के. | 40,000 | 2,20,000 | | | |
| | | | रोकड़ | | 32,000 |
| | | 3,62,000 | | | 3,62,000 |

उपरोक्त तिथि को एच. ने अवकाश ग्रहण कर लिया तथा जे. तथा के. ने निम्न शर्तों पर व्यवसाय चालू रखने का निर्णय किया :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,02,000 किया गया।

(ii) कर्मचारी क्षतिपूर्ति का ₹ 8,000 का एक दावा था।

(iii) डूबत ऋणों के लिए प्रावधान को ₹ 2,000 से कम करना था।

(iv) एच. को ₹ 14,000 का नगद भुगतान किया जायेगा तथा शेष का स्थानान्तरण उसके ऋण खाते में कर दिया जायेगा जिसका भुगतान चार बराबर वार्षिक किश्तों में 10% प्रतिवर्ष ब्याज के साथ किया जायेगा।

(v) जे. तथा के. के मध्य नया लाभ अनुपात 3 : 2 होगा तथा उनकी पूँजी नये लाभ अनुपात में होगी। पूँजी समायोजन चालू खाते खोलकर किया जायेगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए।

L, M and N were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. Their Balance Sheet on 31.3.2015 was as follows :

**Balance Sheet of L, M and N as on 31.3.2015**

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Creditors | 1,68,000 | Bank | 34,000 |
| General Reserve | 42,000 | Debtors | 46,000 |
| Capitals : | | Stock | 2,20,000 |
| L 1,20,000 | | Investments | 60,000 |
| M 80,000 | | Furniture | 20,000 |
| N 40,000 | 2,40,000 | Machinery | 70,000 |
| | 4,50,000 | | 4,50,000 |

On the above date O was admitted as a new partner and it was decided that :

(i) The new profit sharing ratio between L, M, N and O will be 2 : 2 : 1 : 1.

(ii) Goodwill of the firm was valued at ₹ 1,80,000 and O brought his share of goodwill premium in cash.

(iii) The market value of investments was ₹ 36,000.

(iv) Machinery will be reduced to ₹ 58,000.

(v) A creditor of ₹ 6,000 was not likely to claim the amount and hence was to be written off.

(vi) O will bring proportionate capital so as to give him $\frac{1}{6}^{th}$ share in the profits of the firm.

Prepare Revaluation Account, Partner's Capital Accounts and the Balance Sheet of the New Firm.

**OR**

J, H and K were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 3 : 2. On 31.3.2015 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of J, H and K as on 31.3.2015**

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Creditors | 42,000 | Land and Building | 1,24,000 |
| Investment - Fluctuation Fund | 20,000 | Motor Vans | 40,000 |
| Profit and Loss Account | 80,000 | Investments | 38,000 |
| Capitals : | | Machinery | 24,000 |
| | | Stock | 30,000 |
| J 1,00,000 | | Debtors 80,000 | |
| H 80,000 | | Less : Provision 6,000 | |
| K 40,000 | 2,20,000 | | 74,000 |
| | | Cash | 32,000 |
| | 3,62,000 | | 3,62,000 |

On the above date H retired and J and K agreed to continue the business on the following terms :

(i) Goodwill of the firm was valued at ₹ 1,02,000.

(ii) There was a claim of ₹ 8,000 for workmen's compensation.

(iii) Provision for bad debts was to be reduced by ₹ 2,000.

(iv) H will be paid ₹ 14,000 in cash and the balance will be transferred in his loan account which will be paid in four equal yearly instalments together with interest @ 10% p.a.

(v) The new profit sharing ratio between J and K will be 3 : 2 and their capitals will be in their new profit sharing ratio. The capital adjustments will be done by opening current accounts.

Prepare Revaluation Account, Partner's Capital Accounts and Balance Sheet of the new firm.

## खण्ड - ख

## ( वित्तीय विवरणों का विश्लेषण )

## PART - B

## (Analysis of Financial Statements)

**18.** 'रोकड प्रवाह विवरण' का अर्थ दीजिए। **1**

Give the meaning of 'Cash Flow Statement'.

**19.** 'एक उद्यम प्रतिभूतियों एवं ऋणों का धारण, लेनदेन अथवा व्यापार के उद्देश्य से कर सकता है, ऐसी स्थिति में ये पुन: विक्रय के लिए अधिग्रहण किये गये माल के समान होते हैं।' क्या यह कथन सही है? रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय इस प्रकार की गतिविधियों से हुआ रोकड़ प्रवाह किस प्रकार की गतिविधियों के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जायेगा। **1**

'An enterprise may hold securities and loans for dealing or trading purpose in which case they are similar to inventory acquired specifically for resale'. Is the statement correct ? Cash Flows from such activities will be classified under which type of activity while preparing Cash Flow Statement ?

**20.** (क) 'फर्म के द्वारा इसके ऋण के भुगतान की योग्यता का आकलन करना तथा फर्म की अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन तरलता स्थिति का अनुमान लगाना वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का एक उद्देश्य है।' इस विश्लेषण के किन्हीं दो और उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए। **2+2=4**

(ख) कम्पनी अधिनियम, 2013 की सूची III के अन्तर्गत शीर्षक 'अन्य चालू देयताओं' तथा 'अन्य चालू सम्पत्तियों' के अन्तर्गत दर्शाई जानेवाली दो-दो मदों की सूची दीजिए।

(a) One of the objectives of 'Financial Statement Analysis is to judge the ability of the firm to repay its debt and assessing the short term as well as the long term liquidity position of the firm.' State two more objectives of this analysis.

(b) List any two items that are presented under the head 'other current liabilities' and any two items that are presented under the head 'other current assets' as per schedule III of the Companies Act, 2013.

**21.** (क) 'क्रियाशीलता अनुपातों' से क्या अभिप्राय है? **2+2=4**

(ख) निम्न सूचना से इन्वेन्ट्री (स्टॉक) आवर्त अनुपात की गणना कीजिए :
कार्यकलापों से आगम ₹ 16,00,000; औसत इन्वेन्ट्री (स्टॉक) ₹ 2,20,000; सकल हानि अनुपात 5%।

(a) What is meant by 'Activity Ratios' ?

(b) From the following information calculate inventory turnover ratio; Revenue from operations ₹ 16,00,000; Average Inventory ₹ 2,20,000; Gross Loss Ratio 5%.

**22.** 31 मार्च 2015 को समाप्त हुए वर्ष के लिए मून इण्डिया लिमिटेड का लाभ-हानि विवरण निम्न प्रकार से है : **4**

| विवरण | नोट सं. | 31.3.2015 ₹ | 31.3.2014 ₹ |
|---|---|---|---|
| कार्यकलापों से आगम | | 50,00,000 | 40,00,000 |
| अन्य आय | | 2,00,000 | 10,00,000 |
| कर्मचारी हित लाभ व्यय | | कुल आगम का 60% | कुल आगम का 50% |
| अन्य व्यय | | कर्मचारी हितलाभ व्यय का 10% | कर्मचारी हितलाभ व्यय का 20% |
| कर दर | | 50% | 40% |

मून इण्डिया लिमिटेड का आदर्श-वाक्य ग्रीन एनर्जी का उत्पादन करके इसका वितरण भारत के पिछड़े क्षेत्रों में करना है। इसने राजस्थान के पिछड़े क्षेत्रों की लड़कियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देने की एक परियोजना भी शुरू की है।

दिये गए लाभ-हानि विवरण से तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण तैयार कीजिए तथा ऐसे किन्हीं दो मूल्यों की पहचान भी कीजिए जिन्हें कम्पनी समाज को प्रेषित करना चाहती है।

Following is the Statement of Profit and Loss of Moon India Ltd. for the year ended 31st March 2015.

| Particulars | Note No. | 31.3.2015 ₹ | 31.3.2014 ₹ |
|---|---|---|---|
| Revenue from operations | | 50,00,000 | 40,00,000 |
| Other Incomes | | 2,00,000 | 10,00,000 |
| Employee benefit expenses | | 60% of total Revenue | 50% of total Revenue |
| Other Expenses | | 10% of employee benefit expenses | 20% of employee benefit expenses |
| Tax Rate | | 50% | 40% |

The motto of Moon India Ltd. is to produce and distribute green energy in the backward areas of India. It has also taken up a project of giving vocational training to the girls belonging to the backward areas of Rajasthan. You are required to prepare a comparative statement of Profit and Loss of Moon India Ltd. from the given statement of Profit and Loss and also identify any two values that the company wishes to convey to the society.

**23.** 31.3.2015 को एम.एम. लिमिटेड का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था : **6**

**एम.एम. लिमिटेड**

**31.3.2015 को स्थिति विवरण**

| विवरण | नोट सं. | 31.3.2015 ₹ | 31.3.2014 ₹ |
|---|---|---|---|
| I. समता तथा देयताएँ | | | |
| (1) अंशधारी निधियाँ | | | |
| (अ) अंश पूँजी | | 5,00,000 | 4,00,000 |
| (ब) संचय एवं आधिक्य | 1 | 2,00,000 | (50,000) |
| (2) अचल देयताएँ | | | |
| दीर्घकालीन ऋण | 2 | 4,50,000 | 5,00,000 |
| (3) चालू देयताएँ | | | |
| (अ) लघुकालीन ऋण | 3 | 1,50,000 | 50,000 |
| (ब) लघुकालीन प्रावधान | 4 | 70,000 | 90,000 |
| कुल | | 13,70,000 | 9,90,000 |
| II. परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (1) अचल परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (अ) स्थायी सम्पतियाँ | | | |
| (i) मूर्त | 5 | 10,03,000 | 7,20,000 |
| (ii) अमूर्त | 6 | 20,000 | 30,000 |
| (ब) अचल निवेश | | 1,00,000 | 75,000 |
| (2) चालू परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (अ) चालू निवेश | 7 | 50,000 | 60,000 |
| (ब) स्टॉक (मालसूची) | | 1,07,000 | 45,000 |
| (स) रोकड़ तथा रोकड़ तुल्य | | 90,000 | 60,000 |
| कुल | | 13,70,000 | 9,90,000 |

## खातों के नोट्स

| नोट सं | विवरण | 31.3.2015 ₹ | 31.3.2014 ₹ |
|---|---|---|---|
| (1) | संचय एंव आधिक्य (आधिक्य-लाभ-हानि विवरण का शेष) | 2,00,000 | (50,000) |
| | | 2,00,000 | (50,000) |
| (2) | दीर्घकालीन ऋण | | |
| | 12% ऋणपत्र | 4,50,000 | 5,00,000 |
| | | 4,50,000 | 5,00,000 |
| (3) | लघुकालीन ऋण | | |
| | बैंक अधिविकर्ष | 1,50,000 | 50,000 |
| | | 1,50,000 | 50,000 |
| (4) | लघुकालीन प्रावधान | | |
| | कर का प्रावधान | 70,000 | 90,000 |
| | | 70,000 | 90,000 |
| (5) | मूर्त परिसम्पत्तियाँ | | |
| | मशीनरी | 12,03,000 | 8,21,000 |
| | एकत्रित मूल्यह्रास | (2,00,000) | (1,01,000) |
| | | 10,03,000 | 7,20,000 |
| (6) | अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | | |
| | ख्याति | 20,000 | 30,000 |
| | | 20,000 | 30,000 |
| (7) | स्टॉक (बिक्री के लिए माल) | 1,07,000 | 45,000 |
| | | 1,07,000 | 45,000 |

**अतिरिक्त सूचना :**

(i) 12% ऋणपत्रों का शोधन 31.3.2015 को किया गया।

(ii) वर्ष में ₹ 70,000 कर भुगतान किया गया।

रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए।

Following was the Balance Sheet of M.M. Ltd at on 31.3.2015.

**M.M. Ltd.**

**Balance Sheet as at 31.3.2015**

| Particulars | Note No. | 31.3.2015 ₹ | 31.3.2014 ₹ |
|---|---|---|---|
| I. Equity and Liabilities | | | |
| (1) Shareholder's Funds | | | |
| (a) Share Capital | | 5,00,000 | 4,00,000 |
| (b) Reserves and Surplus | 1 | 2,00,000 | (50,000) |
| (2) Non-Current Liabilities | | | |
| Long- term borrowings | 2 | 4,50,000 | 5,00,000 |
| (3) Current Liabilities | | | |
| (a) short-term borrowings | 3 | 1,50,000 | 50,000 |
| (b) short-term provisions | 4 | 70,000 | 90,000 |
| Total | | 13,70,000 | 9,90,000 |
| II. Assets | | | |
| (1) Non-Current Assets | | | |
| (a) Fixed Assets | | | |
| (i) Tangible | 5 | 10,03,000 | 7,20,000 |
| (ii) Intangible | 6 | 20,000 | 30,000 |
| (b) Non-Current Investments | | 1,00,000 | 75,000 |
| (2) Current Assets | | | |
| (a) Current Investments | 7 | 50,000 | 60,000 |
| (b) Inventories | | 1,07,000 | 45,000 |
| (c) Cash and Cash Equivalents | | 90,000 | 60,000 |
| Total | | 13,70,000 | 9,90,000 |

## Notes To Accounts

| Note No. | Particulars | 31.3.2015 ₹ | 31.3.2014 ₹ |
|---|---|---|---|
| (1) | Reserves and Surplus (Surplus i.e. Balance in statement of Profit and Loss) | 2,00,000 | (50,000) |
| | | 2,00,000 | (50,000) |
| (2) | Long - term borrowings 12% Debentures | 4,50,000 | 5,00,000 |
| | | 4,50,000 | 5,00,000 |
| (3) | Short - term borrowings Bank overdraft | 1,50,000 | 50,000 |
| | | 1,50,000 | 50,000 |
| (4) | Short - term Provisions Provision for tax | 70,000 | 90,000 |
| | | 70,000 | 90,000 |
| (5) | Tangible Assets | | |
| | Machinery | 12,03,000 | 8,21,000 |
| | Accumulated Depreciation | (2,00,000) | (1,01,000) |
| | | 10,03,000 | 7,20,000 |
| (6) | Intangible Assets Goodwill | 20,000 | 30,000 |
| | | 20,000 | 30,000 |
| (7) | Inventories | | |
| | Stock in trade | 1,07,000 | 45,000 |
| | | 1,07,000 | 45,000 |

**Additional Information :**

(i) 12% Debentures were redeemed on 31.3.2015.

(ii) Tax ₹ 70,000 was paid during the year.

Prepare Cash Flow Statement.

## खण्ड - ख

## ( अभिकलित्र लेखांकन )

## PART - B

## (Computerized Accounting)

18. 'आंकड़े परिष्करण चक्र (डाटा प्रोससींग साईकिल)' में निहित कदमों की सूची दीजिए। **1**

List the steps that are involved in 'Data Processing Cycle'.

19. कंप्यूटरीकृत लेखांकन साफ्टवेयर में लेखांकन आंकड़ों की गणना कैसे की जाती है? **1**

How is Accounting data computed in a computerized accounting software ?

20. लेखांकन साफ्टवेयर टेली का उपयोग करके 'बैंक समाधान विवरण' तैयार करने के चरणों का उल्लेख कीजिए। **4**

State the steps to construct 'Bank Reconciliation Statement' using accounting software tally.

21. अभिकलित्र लेखांकन में लेखों का आन्तरिक जोड़-तोड़ हस्तीय लेखांकन से काफी आसान है। कैसे? **4**

Internal manipulation of records is much easier in computerized accounting than in manual accounting. How ?

22. आंकड़े आधारित प्रबंध प्रणाली (डी.बी.एम.एस.) के किन्हीं चार लाभों को समझाइए। **4**

Explain any four advantages of Data Based Management System (DBMS).

**23.** रोहित कुमार गैर सुपरवाईज़र है। माह में उसने आधे दिन का अवकाश लिया। उसका मूल वेतन ₹ 15,000 है। निम्न सूचना के आधार पर एक्सेल का उपयोग करते हुए (क) अर्जित मूल वेतन, (ख) महंगाई भत्ता, (ग) गृह किराया भत्ता तथा (घ) परिवहन भत्ते की गणना करने के सूत्र दीजिए। **6**

**सूचना :**

माह में कार्यकारी दिवस – 31 हैं, महंगाई भत्ता दर मूल वेतन का 45%, सुपरवाईज़री स्टॉफ के लिए गृह किराया भत्ता दर मूल वेतन का 25%, गैर सुपरवाईज़री स्टॉफ के लिए गृह किराया भत्ता दर मूल वेतन का 12%, सुपरवाईज़री स्टॉफ का परिवहन भत्ता ₹ 2,000 मासिक तथा गैर सुपरवाईज़री स्टॉफ का परिवहन भत्ता ₹ 1,000 मासिक है।

Rohit Kumar is a non-supervisor. He took leave for half a day during the month. His basic pay is ₹ 15,000. On the basis of the following information using Excel, give the formulae to compute, (a) Basic Pay Earned; (b) DA; (c) House Rent Allowance and (d) Transport Allowance.

**Information :**

Number of working days in the month are - 31, Rate of D.A. 45% of basic pay, HRA for supervisory staff is 25% of basic pay, HRA for non-supervisory staff 12% of basic pay. Transport allowance for supervisory staff ₹ 2,000 per month and transport allowance for non-supervisory staff ₹ 1,000 per month.